## फार्मर रजिस्ट्री के लिए लंबित प्रकरणों को शीघ्र हल करें

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 10 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।



### समय सीमा बैठक

बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत को अवलोकन कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी अधिकारियों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में संबंधित शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के लिए लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया है साथ ही फसल गिरदावरी कार्यों को तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर संस्कृति जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोड़ने के लिए चलाये जा रहे सर्वे प्रगति की समीक्षा कर सभी 635 पंचायतों में शतप्रतिशत हितग्राहियों का डोर टू डोर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए पात्रता सूची में जोड़ने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कार्य को पूरी गम्भीरता तथा शुध्दता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सर्वे के दौरान गलत जानकारी देकर योजना का लाभ लेने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों तथा शासकीय अमले द्वारा गलत जानकारी प्रविष्टि करने सूचना प्राप्त होने पर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी कलेक्टर सुश्री जैन ने दिए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने एकल नलजल योजनाओं कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद तथा सीएमओ को अपने क्षेत्र के ग्रीष्म कालीन पेय जल व्यवस्था को लेकर संवेदनशील ग्रामों, वार्डों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं साथ ही इन चिन्हांकित ग्रामों-वार्डों में पेयजल संकट के समय वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## नपा परिषद में लगी लोक अदालत

**करेली, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार वितीय वर्ष 2024-25 के अंतिम लोकअदालत का आयोजन नगरपालिका परिषद प्रांगण में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को किया गया। जिसमें संपति कर, जलकर, दुकान किराया में सरचार्ज में छूट का लाभ दिया गया।

जिसमें करेली के करदाताओं ने बढ़ चढ कर अपने करों का भुगतान कर सरचार्च में छूट का लाभ लिया गया। लोकअदालत के पूर्व नगरपालिका परिषद करेली के द्वारा पूरे शहर में आम मुनादी तथा नोटिस दे कर करदाताओं लोकअदालत में टेक्स जमा करने की सूचना प्रदान की तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के द्वारा भी



करदाताओं से सोशल मीडिया पर संदेश देकर टेक्स जमा करने की अपील भी की थी। उक्त लोकअदालत में 34,26,049/- की राजस्व प्राप्ति हुई।

उक्त लोक अदालत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकान्त पाटर के निर्देशन पर प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक रामकुमार जाटव,वार्ड प्रभारी शंकर ठाकुर,हेमराज त्रिपाठी, लक्ष्मी जोशी, अखिलेश चंदोलिया, आशिक अली, ब्रजेश जाटव, अनंत कुमार चौधरी, संतोष कहार, राजेंद्र यादव, गौतम रजक, जलशाखा प्रभारी आशीष डेहरिया एवं शिवम बाल्मीक, नरेंद्र रघुवंशी, चांदनी नामा, द्वारका रजक, शोभा रजक, राधेश्याम साहू, रफीक सभी अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सार-समाचार

### महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने को ज्ञापन देंगे

**सौंसर, देशबन्धु।** महाबोधि महाविहार बौद्धगया के अधिनियम बीटी एक्ट 1949 को निरस्त कर महाबोधि महाविहार पूर्णता बौद्धों को सौंपा जाए । इस विषय को लेकर 13 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे एसडीएम की ओर बिहार राज्य सरकार को समता सैनिक दल, भारतीय बौद्ध महासभा व सामाजिक संगठनों, बौद्ध अनुयायियों के द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञात हो कि देश के बौद्ध भंते व बौद्ध बंधुओ एवं विश्व भर के बौद्ध राष्ट्रों के द्वारा महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने आंदोलन किया जा रहा है। समता सैनिक दल के सहायक जीओसी हीरामन सोमकुंवर, भारतीय बौद्ध महासभा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाटिल ने बताया कि बौद्ध विरासत के सम्मान सुरक्षा हेतु समता सैनिक दल के सैनिक, सैनिकाएं, बौद्ध अनुयाई बुद्धिजीवी, आमजनों से उपस्थिति हेतु निवेदन किया गया है।

### साहित्य समागम में हुई परिचर्चा



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस आयोजित राष्ट्रीय कल्चुरी साहित्यकार कवि पारिषद भारत मध्य प्रदेश साहित्य साधना मंच सिहोर स्थान जे के हास्पिटल परिसर आडोटोरियम एल एन सी टी समूह कोलार भोपाल आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कल्चुरी कलार समाज के जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे इस सम्मेलन में देश भर से कल्चुरी साहित्यकार कवियों का योगदान रहा एवं कवि साहित्यकार शामिल हुए। अखिल भारतीय सामाजिक समरसता एवं साहित्यक अधिवेशन सम्मान समारोह में सम्मानित हुए कल्चुरी कलार समाज के जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे सम्मानित होने पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सावित्री बाई को पुण्यतिथि पर किया याद

**सौसर, देशबन्धु।** अपना संपूर्ण जीवन महिलाओं की शिक्षा व उनके सम्मान हेतु कार्य करने वालीं प्रथम महिला शिक्षिका भारतीय नारी मुक्ति आंदोलन के प्रणेता, महान समाज सेविका सक्रांति ज्योती सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 14 बैरडी रोड पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय सौंसर मे कांग्रेस जनो द्वारा सावित्रीबाई फुले जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर , उनके द्वारा किये गये शिक्षा, महिला सशक्तिकरण जैसे अनेको कार्य को स्मरण कर पुण्यतिथि मनाई गई।



इस अवसर पर ज्ञानेश्वर गावंडे अध्यक्ष जिला युवक कांग्रेस पाढुर्णा, दिलीप गुर्वे अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक सौंसर, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हंसराज बारस्कर, अमरीश जैसवाल, विलास बुले, योगेश अढाऊ, शाहीद शिद्धीकी, पवन पन्नासे, सुधाकर वाडेकर आदि उपस्थित थे ।

### स्वयं सेविकाओं ने किया श्रमदान चलाया जागरुकता अभियान

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में आयोजित किया गया है। गुरुवार 7 मार्च से प्रारंभ हुए शिविर के तीसरे दिन रविवार 09 मार्च को स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित रसायन शास्त्र प्रयोगशाला से वनस्पति शास्त्र प्रयोगशाला तक सड़क में साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।



स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सिविल एनएसएस अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी के कुशल नेतृत्व में जारी है जिसमें स्वयंसेवी का महिमा, देविका, राजेश्वरी, किरण, शारदा, पिंकी, रंजीता, हेमलता, संतोषी, रेशमा, अंजू, सरस्वती सहित अन्य स्वयंसेवी का है प्रतिदिन समाज सेवा एवं जागरूकता अभियान के तहत कार्य कर रही है।

## नारी का सम्मान जहां, संस्कृति का उत्थान वहां

**सौसर, देशबन्धु।** स्थानीय गायत्री परिवार ट्रस्ट सौसर ने वशिष्ठ हॉल गायत्री शक्तिपीठ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमे समाज फैली विकृत मानसिकता, परिवार संस्कारित कैसे बने, नारी अपने स्वास्थ के प्रति जागृत कैसे रहे, गायत्री मंत्र का पारिवारिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, प वंदनीय माताजी का नारी के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण क्या था।

### गायत्री शक्तिपीठ में महिला दिवस पर संगोष्ठी



नारी ही समाज की गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करने वाली विनम्रता और सहजता की प्रतिमूर्ति है। सभी वक्ताओं ने अपने ओजस्वी वाणी में एक ही बात जोर दिया, रहे जहां नारी का सम्मान, बनता है वह देश महान। सबने एक स्वर में कहा नारी का सम्मान जहां है संस्कृति का उत्थान वहां है। इस आयोजन में 200 से अधिक मातृशक्तियों की उपस्थिति रही संगोष्ठी को नगर की नाडी रोग तज्ञ डॉ भाग्यश्री गावंडे, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की पूर्व छात्रा रानू चिपड़े,वैशाली निमकर, डॉ. भाग्यश्री भकनेऔर अन्य महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्ञानेश्वरी बिसेन ने किया।

महिला प्रकोष्ठ से प्रमिला लोढ़ेकर, संगीता लोनारे, लक्ष्मी प्रजापति, निशा काले, दुर्गा गुप्ता, खंडाइत, वनिता पुसदकर, उषा पाटिल, रेखा पराड़कर अंत में शक्तिपीठ प्रबंधन से प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे ने सभी मातृशक्तियों का आभार प्रदर्शन किया।



## पतंजलि योग समिति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला पतंजलि योग समिति की राज्यप्रभारी पुष्पाजलि शर्मा एवं जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के निर्देशानुसार महिला तहसील प्रभारी दुर्गा आर्य के कुशल संयोजन मै सीमा मिश्रा के निज निबास पर भारत माता के तेल चित्र पर दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्यतिथि प्रभा विश्वकर्मा रही।

तहसील प्रभारी दुर्गा आर्य ने कहा स्वामी रामदेव महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिए वैदिक शिक्षा के साथ साथ योग यज्ञ से जोड़ा जायें अत: मातृशक्ति स्वस्थ होंगी तो वह समाज का बहुत उपकार कर सकती है महामंत्री स्नेह लता श्रीवास्तव ने कहा जब माताएँ जीजाबाई बनेगी तो शिवाजी जैसे वीर पुत्र जन्म लेंगे प्रतिज्ञा चौरसिया ने कहा आज इतने पढ़ लिखने एवं नौकरी पेशा के बाद भी महिलाएं घरेलू हिंसा की शिकार होती है विचारणीय विषय है महामंत्री द्रोपदी लिल्हारे ने कहा अगर सरकारी नौकरी नहीं लगती तो हमें सिलाई कढ़ाई पेंटिंग कोचिंग आदि की द्वारा भी हम आत्म निर्भर बन सकते है।

इस अबसर पर पतंजलि योग के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य ने छोटे छोटे बच्चों का योग आसनों का प्रदर्शन करने के बाद मातृशक्ति की गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला सक्रिय योग शिक्षिका सीमा मिश्रा ने सभी मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ मातृ शक्ति विनीता तिवारी गीता तिवारी सुषमा दुबे साक्षी दुबे सरिता पटेल सिद्धि तिवारी प्राची तिवारी वंशिका दुबे अंशिका दुबे सहित मातृ शक्ति की उपस्थित रही।

## गोटेगांव खेड़ा में विशेष महिला ग्राम सभा का आयोजन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में विशेष महिला ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया।

इस आयोजन में महिला ग्राम सभा एजेंडा के अनुसार बाल विवाह को रोकने और लोगों को जागरूक करने, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी और विभिन्न बीमारियों की जानकारी देना, आजीविका मिशन योजना अंतर्गत स्व सहायता समूह के बारे में बताना और महिलाओं को जागरूक करना आदि विषयों पर चर्चा की गई ।

इस कार्यक्रम में वृद्ध महिलाओं का सम्मान किया गया । इसके अलावा, सम्मानित महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस आयोजन में ग्राम पंचायत सरपंच प्रियंका खेमरिया, सहायक सचिव राजकुमार रजक, हाई स्कूल की शिक्षक गण, ग्राम पंचायत के ग्राम कोटवार, बुजुर्ग सामान्य नागरिक और आजीविका मिशन से आए स्वस्थ सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

## कामगारों को आरपीएफ थाना प्रभारी ने किया जागरूक

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप पर थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने जागरूकता अभियान के तहत कामगारों कोजागरूक किया जानकारी में बताया कि मजदूरों की रेलवे सुरक्षा यात्रियों की सुरक्षा एवं यात्रा के दौरान कोई परेशानी ना हो इसलिए अगर आपके साथ में कोई घटना हो जाए तो रेलवे द्वाराहेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 139 द्वारा जारी किया गया है इस नंबर पर कॉल करके अपनी परेशानी की समस्या हल कर सकते हैं इस अवसर पर रेलवे के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में मजदूरउपस्थित रहे।

## धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 16 को

**सौसर, देशबन्धु।** हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन 16 मार्च को मां भगवती मंगल कार्यालय बोरगांव में संपन्न होगा। संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे द्वारा बताया गया है कि इस वर्ष मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, चंद्रपुर जिले की सांसद प्रतिभा ताई बाला भाऊ धानोरकर एवं छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना भाऊ मोहोड, सौसर विधायक विजय चौरे , चंद्रपुर जिले



के राजुरा विधायक देवराव भोंगडे, वनी विधायक संजय देरकर, सुधाकर अडबाले विधायक विधान परिषद तथा अन्य समाज संगठन के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे एवं सौसर क्षेत्र के धनोज कुनबी समाज के विशेष प्रतिभावान व्यक्तियों का तथा छात्रों का सत्कार होगा।

इस वर्ष महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहने की संभावना है। सम्मेलन को देखते हुए युवा साथियों में अधिक उत्साह दिखाई दे रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों द्वारा हर गांव में सम्मेलन को लेकर बैठके चल रही है, जिससे लगता है कि हर वर्ष कि तुलना में इस वर्ष अधिक लोग उपस्थित रहेंगे।

## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय सौसर में 10 मार्च 2025 को प्राचार्य एवं संरक्षक डॉक्टर डी. के. इंदौरकर तथा वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉक्टर एन. के.गेडाम के मार्गदर्शन में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह नागर एसडीओपी सौसर रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में पुष्प एवं माल्यार्पण तथा फीता काटकर किया गया । मुख्य अतिथि नागर सर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें वार्षिक स्नेह सम्मेलन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए तथा अपने अनुज एवं अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए।

जन भागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर अंबडकर ने भी सभी छात्र-छात्राओं को वार्षिक किसने सम्मेलन की बहुत-बहुत हार्दिक मंगल कामनाएं प्रेषित की प्राचार्य डॉक्टर डी.के.इंदौरकर ने विद्यार्थियों से कहा कि यह कार्यक्रम आपके लिए ही है, तथा आपको इसमें अनुशासन में रहते हुए कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बोरखे मैडम ने माता सावित्री फुले स्मृति दिवस पर उन्हें स्मरण करते हुए उनकी उपलब्धियां को बच्चों के सामने रखा तथा उनसे प्रेरणा लेने और जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज हम जितनी भी महिलाएं व छात्र-छात्राएं विद्यालय और महाविद्यालय में अध्ययन अध्यापन का कार्य कर रही है वह सिर्फ और सिर्फ माता सावित्री फुले के संघर्ष के बदौलत है साथी सभी छात्र-छात्राओं व महिला कर्मचारियों को महिला सशक्तिकरण दिवस की हार्दिक-हार्दिक मंगल कामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें कैरम शतरंज बैडमिंटन चम्मच दौड़, बोरा दौड़ दौड़ 100 मी, गोला फेक, भाला फेक, तवाफेक, कुर्सी दौड, हैंड क्राफ्ट, 1 मिनट गेम प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर अंबाडकर, जन भागीदारी सदस्य संजय पराड़कर नीता बोडके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वं समस्त महाविद्यालय महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 10 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र- अश्लेषा।**

### मेष
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

### वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

### कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

### सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

### कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

### वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

### धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

### मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

### कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

### मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.